दिनांक 26 मई 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बीएसपी क्षेत्र में पेयजल की शुद्धता परखने कई घरों में पहुंचे आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, क्लोरीन टेबलेट वितरण करने के निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने बीएसपी क्षेत्र में पेयजल की शुद्धता को लेकर औचक निरीक्षण किया! बीएसपी क्षेत्र के कई घरों में पहुंचे और पानी की शुद्धता को लेकर उन्होंने घरों में आने वाले पानी को लेकर रहवासियों से चर्चा की! घरों में पहुंचने के बाद निगम आयुक्त ने पूछा कि पानी किस प्रकार से आ रहा है, कई रहवासियों के घरों के अंदर तक पानी की शुद्धता परखने पहुंचे तथा कई लोगों ने बर्तन में पानी भरकर दिखाया! बीएसपी क्षेत्र में कई स्थानों पर निरीक्षण करने के उपरांत आयुक्त श्री रघुवंशी ने उपस्थित निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्लोरीन टेबलेट की उपलब्धता करवाकर इसका वितरण करें! इस निर्देश पर जोन आयुक्त प्रीति सिंह ने क्लोरीन टेबलेट की व्यवस्था कर रही है तथा उन्होंने कहा कि इसका वितरण शीघ्र अति शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा! निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , मदर टेरेसा नगर के सहायक अभियंता आरके साहू, उप अभियंता श्वेता वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे!